भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
14.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1248 का उत्तर

नई रेलगाड़ियों की शुरुआत

1248. श्री एस.सी. उदासी:
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:
श्री रंजीत सिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में बैंगलोर और हुबली, फलटण और पुणे तथा लातूर और मुंबई के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या विगत दो दशकों के दौरान इन स्थानों पर कोई नई रेलगाड़ी चलाई गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इन मार्गों पर यात्री यातायात में हुई कई गुना वृद्धि को ध्यान में रखते हुए इन स्थानों के बीच नई रेलगाड़ियां चलाने के लिए सरकार द्वारा क्या नए कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): इस समय, बंगलुरू-हुब्बल्लि खण्ड 29 जोड़ी गाड़ियों से, मुंबई-लातूर खण्ड 03 जोड़ी गाड़ियों से जबकि पुणे-फाल्टन पैंसेजर स्पेशल एक जोड़ी गाड़ी से सेवित हैं।

(ख) से (घ): भारतीय रेल पर गाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात पैटर्न, संसाधनों की उपलब्धता आदि पर निर्भर करता है। तदनुसार, वर्ष 2003-2022 (नवम्बर, 2022 तक) के दौरान बंगलुरू-हुब्बल्लि में 18 जोड़ी गाड़ियां, मुम्बई-लातूर में 3 जोड़ी गाड़ियां और पुणे-लोनांड-फाल्टन खण्ड में 02 जोड़ी गाड़ियां शुरू की गई हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल त्योहारों, व्यस्त अवधि, छुट्टियों आदि के दौरान अतिरिक्त यात्री भीड़-भाड़ को क्लीयर करने के लिए विशेष गाड़ियों का भी परिचालन करती है।

*****

s.k